प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

......................

उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने आज विधानसभा में वर्ष 2025–26 का बजट पेश करते हुए अगले साल सरकारी और निजी क्षेत्रों में पौने तीन लाख युवाओं को रोजगार देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। राज्य की प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में राजस्थान रोजगार नीति 2025 लाना प्रस्तावित है।

.....

वित्त मंत्री ने 500 करोड़ रूपये की लागत से विवेकानंद रोजगार सहायता कोष की घोषणा की। युवाओं के लिए प्रदेश में विश्वकर्मा युवा उद्यमी योजना शुरू की जायेगी। अगले साल 1500 नए स्टार्टअप बनाये जायेंगे तथा साढे सात सौ से ज्यादा स्टार्टअप्स को राज्य सरकार की ओर से फंड उपलब्ध कराया जायेगा। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राजीविका मिशन के तहत 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाया जायेगा। दस लाख नये परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जोड़ा जायेगा। सामाजिक सुरक्षा के तहत अल्प आय वाले बुजुर्ग, गरीब, दिव्यांग और विधवाओं की पेंशन की राशि बढाकर एक हजार दो सौ पचास रूपये की गई है। बढ़ई और दर्जी जैसे कारीगरों की ऑखो की निःशुल्क जांच कर चश्मे दिये जायेंगे। इसके लिए 75 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। गंभीर रोगों के इलाज के लिए सभी जिला चिकित्सालयों में डे केयर सेंटर की घोषणा की गई है। इसके साथ ही राज्य में नई आयुष नीति लाई जायेगी। 50 करोड़ रूपये की लागत से फिट इंडिया की तर्ज पर फिट राजस्थान अभियान शुरू किया जायेगा। प्रदेश मे पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन शहरी की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत पांच हजार 830 करोड़ रूपये से अधिक लागत के कार्य कराये जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में एक हजार ट्यूबवेल और डेढ हजार हैंडपम्प लगाये जायेंगे। वित्तमंत्री ने रामजलसेतु लिंक परियोजना के विकास कार्यो को गति देते हुए 9 हजार 300 करोड़ रूपये के कार्य कराने की घोषणा की। ऊर्जा के क्षेत्र में विभिन्न घोषणाएं करते हुए वित्त मंत्री ने पचास हजार कृषि कनेक्शन और पांच लाख घरेलु बिजली कनेक्शन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 6 हजार 400 मेगावाट का अतिरिक्त बिजली उत्पादन किया जायेगा।

राज्य के सड़क तंत्र में सुधार और परिवहन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए वित्त मंत्री ने 2 हजार 750 किलोमीटर के 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनाये जाने की घोषणा की। इसके अलावा 15 शहरों में ट्रेफिक से निजात पाने के लिए रिंग रोड़ बनाई जायेगी। रोडवेज को पांच सौ नई बसों की सौगात मिलेगी।

पर्यटन क्षेत्रों के विकास के लिए 975 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। इसके तहत आदिवासी बहुल क्षेत्रों के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर 100 करोड़ रूपये की लागत का ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट बनाने की घोषणा की गई है। कानून व्यवस्था में सुधार के लिए राजस्थान नागरिक सुरक्षा कानून लाया जायेगा। इसके साथ ही 3 हजार 500 नये पुलिस पद सृजित करने की भी घोषणा की गई है।

...............

भरतपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आज सुबह शहर में स्वाभिमान मार्च निकाला गया। इसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मार्च में लोक कलाकारों ने ब्रज नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी। शहर के प्रमुख चौराहों पर आकर्षक रंगोली बनाई गई है। बांके बिहारी मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सात दिन के समारोहों का आज समापन भी होगा। शाम को महाराजा सूरजमल स्मारक पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जायेगी।

...................

सीकर में महिला अधिकारिता विभाग और जिला उद्योग केन्द्र की ओर से अमृता हाट मेला लगाया गया है। महिला और बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार ने इसका उद्‌घाटन किया। उन्होंने मेले में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन कर मेले की सराहना की।
उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिलास्तर पर राज्य सरकार की ओर से अमृता हाट मेले लगाये गये है। मेले में महिला उद्यमी, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

......................

ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

..................

''मन की बात'' रेडियो मासिक कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने सुझाव 21 फरवरी तक दे सकते हैं। इन्हें टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेजा जा सकता है। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी भेजा जा सकता हैं। नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ये रेडियो कार्यक्रम 23 फरवरी को प्रसारित होगा।

.........................